# GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRLS P.G. COLLEGE, DURG (C.G.)

**(Old Name: Govt. Girls PG College, Durg) Pincode-491001, Ph No. 2323773**

**Email- govtgirlspgcollege@gmail.com , Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com**


## Criteria-7 Institutional Values and Best Practices

| Metric No. | 7.1 Institutional Values and Social Responsibilities | Documents enclosed |
|---|---|---|
| 7.1.8. | Describe the institutional efforts/initiatives in providing an inclusive environment i.e., tolerance and harmony towards cultural, regional, linguistic, communal socioeconomic and other diversities | Compiled document contains instructional effort on activity towards cultural, regional, linguistic and communal socio-economic diversities |

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

S.R.

Principal
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College Durg (C.G.)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27 / 11 / 2021

# गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की कैम्पस ऐम्बेसडर कु. प्रेरणा शर्मा, कु. बुसरा नाज तथा कु. डिम्पल गोस्वामी ने महाविद्यालय की छात्राओं को वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ना सिखाया।

स्वीप प्रभारी, डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने तथा निर्वाचन संबंधी सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराने विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इसके अंतर्गत पोस्टर एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग के द्वारा ये प्रतियोगितायें विभिन्न स्तरों पर आयोजित की गई। महाविद्यालय, जिला एवं संभाग स्तर पर आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कु. प्रेरणा शर्मा ने सहभागिता देते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं संभाग स्तर पर आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रहीं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कु. प्रेरणा शर्मा को इस सफलता के लिए बधाई दी है। महाविद्यालय में वोटर हेल्प लाईन एप के माध्यम से निर्वाचक नामावली में नाम जोड़वाने की जानकारी विद्यार्थियों को दी जा रही है।

पोस्टर प्रतियोगिता हेतु बड़ी संख्या में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता संबंधी पोस्टर प्रस्तुत किये हैं। कार्यक्रम का संचालन स्वीप प्रभारी डॉ. विजय वासनिक ने किया।




(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01/12/2021

# गर्ल्स कॉलेज में विश्व एड्स दिवस
# सुरक्षा ही बचाती है जिंदगी

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ एवं आयोजन किए गए।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्तरीय पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। इसमें कु. शबीना बेगम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कु. उमेश्वरी चन्द्राकर तथा कु. उमा साहू रहीं। तृतीय स्थान कु. अंकिता पाली एवं कु. मनीषा घृतलहरे ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर एड्स जागरूकता से संबंधित सचित्र पुस्तिका का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि एड्स जागरूकता के कार्यक्रम का मूल उद्देश्य हमें सुरक्षात्मक संदेश को जन–जन तक पहुँचना है। एड्स से बचाव ही इसका कारगार उपचार है।

जिला स्वास्थ्य विभाग के श्री हर्ष प्रकाश जमोरिया तथा काउंसलर रानू नायक ने पावर प्वाईन्ट के माध्यम से विभिन्न जानकारी दी। छात्राओं को संबोधित करते हुए सुश्री रानू नायक ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अति आवश्यक है। इसके लिये हमें जागरूकता बढ़ाना चाहिये। श्री हर्षप्रकाश ने छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब दिया। रेड रिबन क्लब की सक्रिय छात्रा आरती यादव को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र दिये गये।

डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि महाविद्यालय का रेडरिबन क्लब अपने उत्कृष्ट कार्यों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कृत हो चुका है। कार्यक्रम का संचालन तबस्सुम अली एवं प्रगति राजपूत ने किया।




(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.01.2022

/प्रेस विज्ञप्ति/

## गर्ल्स कॉलेज में
## नमन श्रद्धांजलि – युगपुरूष पं0 बिरजू महराज

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के नृत्य विभाग द्वारा महान कथक नृत्य सम्राट पदमविभूषण पं. बिरजू महाराज के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। गूगल मीट पर रखी गई श्रद्धांजलि के अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि पं. बिरजू महाराज जी वर्तमान समय में सर्वश्रेष्ठ नृत्याचार्य थे, वे पद्मविभूषण, कालिदास सम्मान खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित थे। उन्होनें राजनांदगांव में अनेक कार्यशालाओं में अपनी कला को साझा किया है।
नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि पं. बिरजू महाराज अनेक कलाओं के महारथी थे। लखनऊ घराने की विरासत को बढ़ाने वाले पंडित जी न केवल नर्तक अपितु गायक और वादक के रूप में भी सिद्धहस्त कलाकार थे। इस अवसर पर पं. बिरजू महाराज जी का साक्षात्कार उनकी शिष्या शाश्वती सेन के साथ दिखाया गयी। छात्राओं ने एक साथ प्रणाम मुद्रा बनाकर दिवंगत आत्मा को अपनी भावनायें समर्पित की।

महाविद्यालय की नृत्थ्य की पूर्व छात्रा एवं इतिहास की सहायक प्राध्यापक शबीना बेगम ने कहा कि कथक नृत्य पर महाराज जी साक्षात्कार सुनकर उस विधा के प्रति झुकाव बढ़ गया है। विशेषतौर पर उन्होनें पुराने शासकों के दरबार पर किये जाने वाले कथक प्रयोगों का जो वर्णन किया वह इस नृत्य की बानगी को बताता है। बी.ए. अंतिम की शारदा यादव ने कहा कि भविष्य में वे भरत नाट्यम के अतिरिक्त कथक को सीखने की कोशिश करेंगी। युवा पीढ़ी की छात्राओं ने रियेलिटी शो के माध्यम से महाराज को देखा है किन्तु उनकी जीवन यात्रा को इस साक्षात्कार से समझ पाई है।

महाविद्यालय परिवार ने कथक सम्राट पं. बृजमोहन मिश्र को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।


*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में

## नमन श्रद्धांजलि – युगपुरूष पं0 बिरजू महराज





**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


दिनांक : 03/01/2022

## गर्ल्स कॉलेज के
## रासेयो शिविर में मेगा हेल्थ कैम्प आयोजित

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की रासेयो इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का का आयोजन ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित किया गया। जिसके समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्री ज्वाला प्रसाद देशमुख उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानपाठक श्री आर.के.वर्मा, श्री हरिश कुमार साहू, श्री मुनेश कुमार साहू, श्री योगराज देशलहरे, उपस्थित थे।

इस अवसर पर ओम सत्य जन विकास समिति द्वारा मेगा हेल्थ स्वास्थ्य शिवर को आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. मानसी गुलाटि स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अरूण सिंह नेत्र विशेषज्ञ, रक्त परीक्षण के लिए श्री वेदनारायण उपस्थित थे। उनके द्वारा ग्रामवासियों एवं छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सरपंच महोदय ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा, अंधविश्वास के संबंध में जागरूकता आयेगी। रैली के माध्यम से छात्राओं ने जो संदेश दिया है वो सदैव ग्रामीणों को याद रहेगा। प्रधानपाठक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यहाँ जितनी भी गतिविधियाँ हुई है उसके माध्यम से विद्यालय के बच्चों को भी बहुत कुछ सीखने मिला है। उनकी प्रतिभा को उभारने की बहुत कोशिश की गयी है।

सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा में श्री बालकृष्ण कुर्रे, रिवाईव जीम द्वारा महिलाओं के शारीरिक फिटनेस हेतु जागरूकता पर व्याख्यान दिया गया। कामधेनु विश्वविद्यालय के चिकित्सकों डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. मनोज सैनी, कु. शिवानी झाप, मुग्धजीत कौर ने पशुधन के टीकाकरण और उनके खानपान, रखरखाव के संबंध में प्रकाश डाला।

उद्योग विभाग से उपस्थित प्रबंधक श्री नरेन्द्र देवांगन जी ने राज्यस्तरीय और केन्द्रीय योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आज के समय में स्वरोजगार के बहुत से अवसर है। हमें जागृत रहने की आवश्यकता है।

प्रधानपाठक श्री आर.के. वर्मा ने 'गोदना संस्कृति' पर प्रोजेक्टर के माध्यम से गोदना कला की उत्पत्ति और समाज में उसके महत्व के बारे में बताया।

अंतर्राष्ट्रीय कराते पदक विजेता कु. श्वेता ध्रुव ने शारीरिक दक्षता एवं आत्मरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण छात्राओं को दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरस्कृत स्वयं सेविका कु. प्रज्ञा मिश्रा ने सी–प्रमाण पत्र की जानकारी दी। रासेयो की पूर्व छात्रा कु. रूचि शर्मा ने डिप्रेशन एवं तनाव पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने बताया कि प्रतिदिन योगा, पीटी जागरूकता रैली सर्वेक्षण के अंतर्गत मोतियाबिंद, कुष्ठ रोग, पर्यावरण जागरूकता, टीकाकरण, वैक्सीनेशन, स्वच्छता जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। श्रमदान के अंतर्गत पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, तालाब, जल स्त्रोतों स्कूल परिसर की साफ–सफाई की गयी।

विशेष कार्यक्रम के अवसर पर रात्रि में सरपंच के मुख्य आतिथ्य में ग्रामीण बच्चों के रंगोली, पेंटिंग, डांस, कबड्डी, खो–खो, फुगड़ी आदि प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कृत किया गया। ग्राम के बुजुर्गों, महिलाओं को सम्मनित किया गया। सांई प्रसादालय दुर्ग एवं आदिवासी छात्रावास की अधीक्षिक श्रीमती अंजली बांधे द्वारा जरूरतमंदों को कम्बल प्रदान किया गया।

समापन समारेह के अवसर पर ओम सत्यम जनविकास समिति के अध्यक्ष श्री सीताराम ठाकुर, श्री दिलीप ठाकुर एवं उनकी टीम को निःशुल्क चिकित्सा हेतु सम्मानित किया गया। प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एवं सरपंच को स्मृति चिन्ह देकर उनके विशेष सहयोग के लिए सम्मनित किया गया। रासेयो दुर्ग जिला संगठक डॉ. विनय शर्मा, डॉ. राजश्री शर्मा श्री विमल (सांई महाविद्यालय भिलाई) ने रासेयो की छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी समय–समय पर आकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। पूजा चेलक, श्वेता साहू, हर्षिता, जीत कौर, अलिशा, विमल, विजय का शिविर में विशेष योगदान रहा। सम्मानित प्राचार्य महोदय एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव के विशेष मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज के

## रासेयो शिविर में मेगा हेल्थ कैम्प आयोजित






दुर्ग, दिनांक : 22/10/2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में योग एवं जुम्बा प्रशिक्षण शिविर

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में क्रीड़ा विभाग द्वारा सात दिवसीय योग एवं जुम्बा प्रशिक्षण कार्यक्रम **फीट इंडिया मुव्हमेन्ट** के अन्तर्गत आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि छात्राओं को पढ़ाई के साथ–साथ फिटनेस की वर्तमान परिस्थिति में बहुत जरूरत है।

**प्रथम दिवस :–**

शिविर के प्रथम दिवस डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी ने सहभागी छात्राओं को फिटनेस के आवश्यक व्यायाम एवं उन्हें करते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना है किसी भी एक्टिविटी को करने के पहले वार्मअप क्यों जरूरी एवं वार्मअप करना छात्राओं को सीखाया गया। इसके साथ ही व्यायाम या किसी एक्टिविटी के बाद स्ट्रेचिंग एवं कुलडाऊन क्यों जरूरी है उसे समझाते हुए, स्ट्रेचिंग व्यायाम एवं कुलडाऊन कैसे करते है छात्राओं को सीखाया गया।

डॉ. दुबे ने बताया कि व्यायाम के द्वारा छात्रायें जो पीएमएस समस्याओं से परेशान रहती हैं उसे कम कर सकती है एवं व्यायाम करने से हार्मोन्स धीरे–धीरे बैलेन्स होते रहते है। इससे मस्तिष्क भी चुस्त एचं एक्टिव तथा योग करके हम अपने मानसिक तनाव से छुटकारा पा सकते है तथा एकग्रचित बनी रहती है। योग में ज्वाईन्ट्स को किस तरह फ्री करते है एवं वज्रासन, ताड़ासन, उत्कृष्ट आसन बताया गया।

कु. नेहा साहू द्वारा प्राणायाम एवं उसका महत्व छात्राओं को बताया गया। प्राणायाम में स्वांस पर किस प्रकार नियन्त्रण करना है। नाड़ी क्या है? संक्षिप्त जानकारी दी गयी तथा जुम्बा से किस प्रकार हम स्वयं को क्रियाशील एवं फिट रख सकते हैं, अपना वजन कम कर सकते है, बताते हुए जुम्बा कराया गया।

**द्वितीय दिवस :–**

द्वितीय दिवस सभी आसनों का पुनः अभ्यास एवं जुम्बा के नये स्टेप बताये गये।

**तृतीय दिवस :–**

तृतीय दिवस विद्या वर्मा, योग प्रशिक्षक द्वारा सूर्य नमस्कार का महत्व एवं सूर्य नमस्कार में कितने आसन होते है, सूर्य नमस्कार कब करना चाहिये, सूर्य नमस्कार के फायदे क्या है? विस्तार से बताया गया तथा सूर्य नमस्कार को मंत्रो सहित छात्राओं से चरणबद्ध पद्धति से अभ्यास कराया गया तथा ध्यान का महत्व बताते हुए छात्राओं को ध्यान करवाया गया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# गर्ल्स कॉलेज में योग एवं जुम्बा प्रशिक्षण शिविर



सूर्य नमस्कार करते हुए छात्रायें



जूम्बा प्रशिक्षण करते हुए

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांकः **08.03.2022**

## गर्ल्स कॉलेज में महिला दिवस

## महिलाओं की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लें

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ के आयोजन किए गए।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वूमेन क्लब की ओर से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

महिला सशक्तीकरण पर छात्राओं ने जहाँ रंगोली एवं पोस्टर बनाए वहीं कविताओं एवं गीतों के माध्यम से नारी शक्ति को बड़े रोचक ढंग से रेखांकित किया गया।

मुख्य कार्यक्रम में अपने संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि आधुनिक परिवेश में महिलाएँ और ज्यादा सशक्त होकर आगे बढ़ रही है, विशेषकर शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में पुरूषों की तुलना में बीस है। उन्होनें कहा कि महिलाओं के द्वारा किए गए संघर्ष, उनकी उपलब्धियों और दुनिया को बेहतर बनाने में किए गए योगदान को याद करने का दिन है। आज दुनिया के लगभग सभी देशों में लैंगिंक समानता की बात की जा रही है लेकिन अभी भी यह मूर्तरूप नहीं ले सकी है। आज हमें संकल्प लेना है कि महिलाओं की गरिमा को बनाए रखेंगे।

कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। गीत, कविता, नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन कु. तबस्सुम तथा कु. पूजा चौरसिया ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

### गर्ल्स कॉलेज में महिला दिवस

### महिलाओं की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लें








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16/11/2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना
## गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय कैम्प

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की यूथरेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, थॉयराइड, कोलेस्ट्रॉल, सिकलिन आदि का परीक्षण कर डॉक्टरों ने परामर्श दिया और निःशुल्क दवाईयाँ दी गयी।

डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. चंदन कुमार साव, डॉ. पियूष श्रीवास्तव एवं मनीष यादव, कुलेश्वर चन्द्राकर (एपीएम) के साथ ही लैब टेक्नीशियन – रेशमा निर्मलकर, उमेश पाल, नर्स – पूनम साहू, सुषमा वर्मा ने निरंतर स्वास्थ्य शिविर में कार्य किया। फार्मसिस्ट अजय साहू एवं सुनिधि ने औषधी वितरण का कार्य किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे महाविद्यालय की छात्राओं के साथ ही प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को भी लाभ प्राप्त हुआ है।

इस विशेष कैम्प का लाभ लगभग 465 छात्राओं ने उठाया। यूथरेडक्रॉस की छात्राओं ने व्यवस्था सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।







*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04/08/2021

# विश्व स्तनपान दिवस

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग के द्वारा विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व स्तनपान दिवस 01 अगस्त से 07 अगस्त तक मनाया जा रहा है।

एम0एससी0 फूड साईंस एण्ड न्यूट्रीशियन की छात्राओं ने स्तनपान के महत्व विषय पर जानकारी दी। कुमारी अंकिता पसीने, प्रिया चन्देल और प्रतिक्षा टुवानी ने पावर प्वाईन्ट प्रेजेन्टेशन द्वारा स्तनपान के महत्व के विषय में बताया।

प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी सर ने इस अवसर पर कहा कि – महिलाओं को जागरूक होना जरूरी है उन्हें स्वयं स्वस्थ रहकर अपनी संतानों को भी स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ0 अमिता सहगल, गृहविज्ञान ने की एवं छात्राओं को स्तनपान के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ0 अल्का दुग्गल, डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ0 रेशमा लाकेश एवं डॉ0 ऋचा ठाकुर उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन कुमारी प्रतीक्षा टुवानी तथा आभार प्रदर्शन डॉ0 अल्का दुग्गल ने किया।




**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.06.2021

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

## ऑनलाईन अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस मनाया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाईन योगाभ्यास कराया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि योग एक विज्ञान है। यह मनुष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करता है। कोरोना के कारण लोगों में जो भय व्याप्त है उसे योगाभ्यास से निःसंदेह दूर कर सकते है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष इस दिवस को वर्चुअल तरीके से मनाया जा रहा है इसके माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ होता हैं

योग प्रशिक्षक श्रीमती सीमा लाम्बा जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा निवृत्त प्रशासनिक अधिकारी है, ने अधिक उम्र में की जा सकने वाली योगमुद्राओं की अभ्यास कराया। हड्डियों एवं श्वसन तंत्र को मजबूती प्रदान करने वाले ताड़ासन बताये। भष्तृका प्राणायाम की विशेषताायें बतायी। विश्व योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित व्यायाम प्रशिक्षण कार्यशाला में अपनी भागीदारी दर्ज की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा ऑनलाईन योग क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था।

इस डिजिटल कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. ऋतु दुबे सहित महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।


*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।*

S.2

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)













कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

**दुर्ग, दिनांक : 12.01.2022**

## गर्ल्स कॉलेज में
## युवा दिवस मनाया गया

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यूथ रेडक्रास इकाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विभिन्न आयोजन किए गये। महाविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने स्वामी जी के प्रसंगों की चर्चा करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर निरंतर आगे बढ़ने एवं संघर्ष से सफलता प्राप्त करने को महत्वपूर्ण बताया।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल एवं डॉ0 ऋचा ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ0 सुचित्रा खोब्रागड़े ने आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी।

यूथ रेडक्रास के द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया तथा प्रदर्शनी लगाई गई। डॉ0 रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि यूथ रेडक्रास ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा हे। जिसके विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम कु0 प्रज्ञा कौशिक, द्वितीय स्थान पर कु0 किरण सोनबेर, कु0 उमा साहू तथा तृतीय स्थान पर शिलमन ठाकुर एवं कु0 करूणा मारकण्डे रहीं। इन्हें पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कु0 तब्बसुम ने किया।

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज के

# युवा दिवस मनाया गया

